# कौटिल्य एकेडमी

**IAS, IPS, MPPSC**

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



# डेली करेंट अफ़ेयर्स

**31 मई 2024**

# रुद्र एम-II मिसाइल

भारत ने सुखोई-30 MKI लड़ाकू विमान से हवा से जमीन पर मार करने वाली एक एंटी-रेडिएशन मिसाइल का सफल टेस्ट कर लिया है।

रुद्र एम-II एंटी-रेडिएशन सुपरसोनिक मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)ने विकसित किया है।

रुद्र एम मिसाइल पहली स्वदेशी रूप से विकसित एंटी-रेडिएशन मिसाइल है जिसे दुश्मन के जमीनी राडार (निगरानी, ट्रैकिंग) और संचार स्टेशनों को दबाने के मिशन (SEAD) में लक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## रुद्र एम-II मिसाइल;-

- रुद्र एम-II हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का भारतीय वायु सेना (IAF) के Su-30 MK-1 प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया गया।
- रुद्र एम-II स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक वायु-प्रक्षेपित मिसाइल प्रणाली है जिसका उद्देश्य हवा से सतह पर मार करके दुश्मन संपत्तियों को नष्ट करना है।
- मिसाइल में विभिन्न DRDO प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकें शामिल हैं।
- रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उड़ान परीक्षण ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया।
- भारत फिलहाल रूसी kh-31 एंटी-रेडिएशन मिसाइल का इस्तेमाल करता है। रुद्रम मिसाइलें kh-31 की जगह लेंगी।


KAUTILYA ACADEMY



# भारत का पहला क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर

- आईआईटी बॉम्बे ने भारत का पहला 'क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर' बनाने के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस के साथ साझेदारी की है।
- क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर चुंबकीय क्षेत्रों की तस्वीर तैयार कर सकता है। यह सेमीकंडक्टर चिप की 'नॉन इनवेसिव' (किसी जीव/वस्तु में प्रवेश के बिना) और 'नॉन-डिस्ट्रक्टिव' (बिना नुकसान पहुंचाए) मैपिंग को सक्षम बनाता है, जैसे एक अस्पताल में एमआरआई की तरह।
- यह परियोजना भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के अनुरूप है। NQM को 2023 में शुरू किया गया था। इसका कार्यान्वयन केंद्र सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) कर रहा है।
- राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का उद्देश्य देश को क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना है।
- क्वांटम प्रौद्योगिकी एक प्रकार की तकनीक है, जो क्वांटम मैकेनिक्स (उप-परमाणु कणों की भौतिकी) के सिद्धांतों का उपयोग करके कार्य करती है।

## क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर:-



- यह सेमीकंडक्टर चिप इमेजिंग के लिए एक उन्नत सेंसिंग टूल है।
- यह सेमीकंडक्टर चिप्स में विसंगतियों का पता लगाने के लिए हीरे की संरचना में मौजूद डिफेक्ट्स अर्थात् नाइट्रोजन-वैकेंसी (NV) सेंटर्स का उपयोग करता है।
- यह चिप फेलीयर के मामलों को कम करेगा और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की ऊर्जा दक्षता में सुधार करेगा।
- यह देश में सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास को बढ़ावा भी देगा।

## सेमीकंडक्टर चिप्स;-

- सेमीकंडक्टर चिप्स सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक आवश्यक घटक हैं।
- ये संचार, कंप्यूटिंग, स्वास्थ्य सेवा, सैन्य प्रणालियों जैसे उद्योगों में उपकरणों के मस्तिष्क के रूप में कार्य करती हैं।
- ये परिशुद्ध तत्वों, आमतौर पर सिलिकॉन या जर्मेनियम; या गैलियम आर्सेनाइड जैसे यौगिकों से बनी होती हैं।

# एशिया-प्रशांत रोजगार और सामाजिक परिदृश्य 2024 रिपोर्ट

- एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था और उम्रदराज होती आबादी के बीच देशों को अपने कामगारों की आमदनी बढ़ाने और सामाजिक समता देने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।
- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की रिपोर्ट कहती है कि उत्पादकता में वृद्धि की दर धीमी होने से आय पर असर पड़ रहा है और इस क्षेत्र के दो अरब श्रमिकों की क्रय शक्ति घट गई है।

## रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं :-

- एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रोजगार-जनसंख्या अनुपात (EPR) 2022 के 57.4% से बढ़कर 2023 में 58.2% हो गया था।
- यह वृद्धि मुख्य रूप से भारतीय महिलाओं की रोजगार में बढ़ोतरी के कारण हुई है।
- भारत में, वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात मौजूदा 0.10 से बढ़कर 2050 तक 0.22 होने का अनुमान है।
- भारत को 2050 तक उच्च आय वाले देश का दर्जा प्राप्त करने के लिए उत्पादकता में तीव्र वृद्धि की आवश्यकता है।
- भारत में लगभग 76% विनिर्माताओं ने कुशल श्रमिकों की कमी होने की सूचना दी है।



## अग्निबाण रॉकेट

- अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस नेहाल ही में 30 मई को अपने पहले रॉकेट अग्निबाण सॉर्टेड का सफल परीक्षण किया।
- चार असफल प्रयासों के बाद, हाल में परीक्षण-उड़ान बिना किसी लाइव-स्ट्रीमिंग के और इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के अंदर स्थित श्रीहरिकोटा लॉन्च पैड पर सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया।

### अग्निबाण रॉकेट :-

- अग्निबाण एक कस्टामाइजेबल, दो स्टेज वाल लॉन्च वेहकिल है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड लगभग 700 किमी के ऑर्बेट में ले जा सकता है।
- SOrTeD मिशन एक सिंगल स्टेज लॉन्च व्हीकल है जो क्रायोजेनिक इंजन, एग्निलेट द्वारा संचालित होगा।
- एग्निलेट इंजन दुनिया का पहला सिंगल-पीस 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन है।
- मिशन लॉन्च से लेकर स्प्लैशडाउन तक सिर्फ दो मिनट से थोड़ा ज्यादा तक ये चल सकता है। लिफ्ट-ऑफ के बाद, वाहन से उड़ान के बाद ये फ्लाइट में चार सेकंड के लिए पिच-ओवर करेगा।

KAUTILYA ACADEMY



## डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में भारतीय फार्मा सन फार्मा ने किस देश में एक नए संयंत्र का उद्घाटन किया है?

( अ ) नेपाल ( ब ) भूटान

( स ) बांग्लादेश ( द ) म्यांमार

उत्तर–बांग्लादेश

2. हाल ही में Goldman Sachs ने 2024 के लिए भारत की GDP कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है ?

( अ ) 6.0% ( ब ) 6.7%

( स ) 6.8% ( द ) 6.9%

उत्तर–6.7%

3. हाल ही में किसे अप्रैल 2024 का ICC प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है ?

( अ ) मुहम्मद वसीम ( ब ) हेली मैथ्यूज

( स ) उपर्युक्त दोनों ( द ) उपर्युक्त कोई नहीं

उत्तर–उपर्युक्त दोनों

4. हाल ही में किसने पृथ्वी के ध्रुवों का अध्ययन करने के लिए लघु जलवायु उपग्रह प्रक्षेपित किया है ?

( अ ) इसरो ( ब ) नासा

( स ) स्पेस एक्स ( द ) JAXA

उत्तर–नासा

5. हाल ही में साइबर सुरक्षित भारत पहल के अंतर्गत 44वां CISO प्रशिक्षण कार्यक्रम कहाँ आयोजित हुआ है ?

( अ ) नई दिल्ली ( ब ) कोलकाता

( स ) बेंगलुरु ( द ) चेन्नई

उत्तर–नई दिल्ली

6. किस देश में तलाक को वैध बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया गया है?

( अ ) फिलिपींस ( ब ) इजराइल

( स ) इराक ( द ) ईरान

उत्तर–फिलिपींस

7. एक सीजन में सबसे अधिक गोल करने वाले फुटबॉलर कौन बने हैं?

( अ ) मोहम्मद हबीब

( ब ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो

( स ) लियोनेल मेसी

( द ) लालियानजुआला छांगटे

उत्तर–क्रिस्टियानो रोनाल्डो

8. एशियाई पंजा कुश्ती चौंपियनशिप 2024 में भारत ने कितने पदक जीते है?

( अ ) 6 ( ब ) 7

( स ) 8 ( द ) 9

उत्तर–7

9. 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के अध्यक्ष कौन बने हैं?

( अ ) कपिल सिब्बल ( ब ) जॉन स्लेवेन

( स ) रमेश बाबू वी. ( द ) अपूर्व चंद्रा

उत्तर–अपूर्व चंद्रा

10. संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ ईयर अवार्ड 2023 से किसे सम्मानित किया गया है?

( अ ) रस्किन बॉन्ड ( ब ) जेनी एर्पेनबेक

( स ) मेजर राधिका सेन ( द ) कोई नहीं

उत्तर–मेजर राधिका सेन